

# अब इंग्लैंड में डब्ल्यूटीसी फाइनल

## आईसीसी ने 2027, 2029 और 2031 के लिए इंग्लैंड को सौंपी मेजबानी

**नई दिल्ली 20 जुलाई. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के भविष्य को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है. इस टूर्नामेंट के अगले तीन एडिशन के फाइनल मैच किस देश में खेले जाएंगे इसका ऐलान हो गया है.**

सिंगापुर में हुई आईसीसी बैठक के बाद आईसीसी ने प्रेस रिलीज करके इसकी जानकारी दी है. खास बात ये है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले तीन एडिशन के फाइनल एक ही देश में खेले जाएंगे.

**साउथैम्पटन, ओवल और लॉर्ड्स पहले भी फाइनल की मेज़बानी कर चुके हैं**

**इंग्लैंड की सफल मेजबानी के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर फैसला**




साल 2027, 2029 और 2031 में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी इंग्लैंड को सौंपी गई है. यह फैसला टेस्ट क्रिकेट को और ज्यादा रोमांचक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इंग्लैंड को डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के लिए चुने जाने के पीछे कई कारण हैं. इंग्लैंड क्रिकेट का गढ़ माना जाता है. अभी तक ड्ब्ळ्यूट के तीन फाइनल खेले जा चुके हैं और ये तीनों मैच इंग्लैंड में ही खेले गए हैं. 2021 में पहला डब्ल्यूटीसी फाइनल न्यूजीलैंड और भारत के बीच साउथैम्पटन में खेला गया था, और 2023 में फाइनल ओवल में हुआ था. वहीं, इस बार लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदान पर ये मैच खेला गया था.आईसीसी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा, 'बोर्ड ने हाल के फाइनल की मेजबानी में सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को 2027, 2029 और 2031 संस्करणों के लिए आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की मेजबानी के अधिकार दिए हैं.'

### साल 2019 में हुई थी शुरुआत

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत 2019 में टेस्ट क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हुई थी. यह टूर्नामेंट टेस्ट फॉर्मेट को बढ़ावा देने और इसे टी20 और वनडे की चकाचौंध के बीच इस फॉर्मेट को बनाए रखने का एक प्रयास है. हर दो साल में होने वाला यह फाइनल दुनिया की दो बेस्ट टेस्ट टीमों के बीच होता है। अब तक न्यूजीलैंड (2021), ऑस्ट्रेलिया (2023) और साउथ अफ्रीका (2025) ने इस खिताब को अपने नाम किया है.

# भारत-पाक वेटरन्स मैच हुआ रद्द

**बर्मिंघम 20 जुलाई (वार्ता)+** शिखर धवन सहित भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के कारण बर्मिंघम में रविवार को विश ?व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला वेटरन्स क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें लिखा, ऄयह औपचारिक रूप से दोहराया जाता है कि श्री शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल में पाकिस्तान टीम के खिलाफ किसी भी मैच में भाग नहीं लेंगे। यह चर्चा 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी बातचीत के दौरान पहले ही हो चुकी थी। हमारी वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए, धवन और उनकी टीम ने उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। हम इस मामले में लीग से सम्मानपूर्वक समझ और सहयोग का अनुरोध करते हैं। डब्ल्यूसीएल के आयोजकों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यह खबर सुनने के बाद कि पाकिस्तान हॉकी टीम इस वर्ष भारत का दौरा करेगी और दोनों देशों की अंडर-16 टीमों के बीच हाल ही में वॉलीबॉल मैच को देखने के बाद टूर्नामेंट में इस मैच की योजना बनाई थी।

# आकाश दीप-अर्शदीप हुए चोटिल

## हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज हुए टीम में शामिल

**मैनचेस्टर 20 जुलाई (वार्ता) मैनचेस्टर में होने वाले महत्वपूर्ण चौथे टेस्ट से पहले भारत के दो तेज गेंदबाजों आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल हो गये है, जिससे इन दोनों के अगले टेस्ट मैच में खेलने पर संशय बना हुआ है।**

दो गेंदबाजों के चोटिल होने के बाद चयनकर्ताओं ने पांच मैचों की सीरीज के आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

**अर्शदीप को अभ्यास के समय हाथ में चोट लगी**

**आकाश दीप पीठ दर्द से जूझ रहे, टेस्ट में खेलना संदिग्ध**

**सिराज बने एकमात्र फिट तेज गेंदबाज**



24 वर्षीय कम्बोज एक तगड़े दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो न केवल स्किड कर सकते हैं बल्कि हार्ड लेंथ गेंदबाजी भी कर सकते हैं। वह इंग्लैंड सीरीज से पहले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेलने वाली भारत ए टीम का हिस्सा थे और नॉर्थम्पटन में दूसरे मैच में उन्होंने चार विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में एक ही ओवर में दो विकेट भी शामिल थे।इससे पहले, कम्बोज ने उसी टेस्ट में तनुष कोटियन के साथ 121 रनों की साझेदारी भी की थी, जो ड्रॉ रहा था।

अर्शदीप को गुरुवार को बैकनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान अपने ही फॉलो थ्रू में गेंदबाजी हाथ में चोट लगी है, जबकि आकाश दीप को पीठ में परेशानी से जूझ रहे है। चौथा टेस्ट मैच बुधवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। ये टेस्ट दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत या तो इंग्लैंड के साथ बराबरी कर सकता है या एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी हार सकता है। भारत के सहायक कोच टेन डेश्काटे ने गुरुवार को कहा था कि अर्शदीप की चोट भारत की योजना पर असर डालेगी और अब आकाश दीप पर संदेह के साथ चिंताएं और भी बढ़ गई होंगी। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट लेकर भारत को बराबरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। लॉर्ड्स में अगले टेस्ट में आकाश दीप ने केवल एक विकेट लिया और पवेलियन एंड से गेंदबाजी करते हुए लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे थे। वह चौथे दिन दोपहर में भी इलाज के लिए मैदान से बाहर चले गए थे, हालांकि उस समय यह पुष्टि नहीं हो पाई थी कि समस्या क्या थी। आकाशदीप ने थोड़ी देर अभ्यास गेंदबाजी और वह चोटिल होकर बाहर आए और उनके गेंदबाजी वाले हाथ पर टेप लगा दिखा। यह पता नहीं चल सका कि उन्हें टांके लगे हैं या नहीं, लेकिन अगर आकाश दीप बाहर हो जाते तो अर्शदीप उनकी जगह ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट की दौड़ में शामिल हो जाते। मोहम्मद सिराज एकमात्र तेज गेंदबाज हैं जो इस दौरे पर भारत के लिए सभी टेस्ट मैचों में रहे हैं और अब तक इस सीरीज में उन्होंने भारत की ओर से सबसे ज्यादा ओवर डाले हैं। टेन डेश्काटे ने कहा है कि सिराज के वर्कलोड पर भी प्रबंधन की नजर है। इसके अलावा दल में प्रसिद्ध कृष्णा के तौर पर एक और विशेषज्ञ तेज गेंदबाज का विकल्प मौजूद है, हालांकि शार्दुल ठाकुर भी सीम गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। शार्दुल ने सीरीज का पहला जबकि प्रसिद्ध ने पहले दो टेस्ट खेले थे। भारत अब खुद को मुश्किल स्थिति में पा रहा है और यह सवाल कि क्या जसप्रीत बुमराह को मैनचेस्टर में खेलना चाहिए, अब और भी जरूरी हो गया है। टेन डेश्काटे ने स्वीकार किया था कि सीरीज के दांव पर होने के कारण, भारत चौथे टेस्ट में बुमराह को खिलाने के पक्ष में होगा, लेकिन यह कई अन्य मुद्दों पर आधारित होगा, जिसमें टेस्ट के दौरान मैनचेस्टर का मौसम और अन्य गेंदबाजो की फिटनेस शामिल है।

### एक नजर में



#### लगभग परफेक्ट टूर्नामेंट खेला : नाकामुरा

**चेन्नई.** अमेरिका के हिकारू नाकामुरा का मानना है कि उन्होंने फ्रीस्टाइल शतरंज लास वेगास ग्रैंड स्लैम में लगभग परफेक्ट टूर्नामेंट खेला है। नाकामुरा ने ग्रुप चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन ऊपरी-ब्रैकेट क्वार्टर फाइनल में आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से 1.5-2.5 से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए थे। नाकामुरा ने कहा, जब मैं अब तक के टूर्नामेंट को देखता हूं, तो मुझे लगा कि मैं शायद एकमात्र खिलाड़ी था जो दुर्भाग्यशाली था, सिवाय लेवोन के खिलाफ कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण क्षणों के, मैंने लगभग एक परफेक्ट टूर्नामेंट खेला है। शनिवार को निचले ब्रैकेट में, नाकामुरा ने अपने हमवतन वेस्ले सो और फैबियानो कारुआना को हराकर तीसरे स्थान के लिए खेलने का मौका अर्जित किया। 37 वर्षीय नाकामुरा ने स्वीकार किया कि उन्हें आज आखिरी गेम को छोड़कर हर गेम में खराब स्थिति मिली, और मैं निश्चित रूप से भाग्यशाली था। अंतिम दिन, नाकामुरा तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपने लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी मैग्नस कार्लसन से भिड़ेंगे, जिसमें 100,000 डॉलर का पुरस्कार दांव पर है। नाकामुरा ने यह भी बताया कि कारुआना के खिलाफ गेम से पहले कार्लसन ने उन्हें विश्लेषण दिया था, लेकिन उनकी अपनी गलती के कारण कार्लसन के इनपुट बेकार चले गए।

#### श्रीशंकर ने शीर्ष स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय लंबी कूद एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में आयोजित मीटिंग माइया सिडेड डो डेस्पोर्टो (वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज-लेवल मीट) में 7.75 मीटर की छलांग लगाकर खिताब जीता। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने शनिवार को अपने दूसरे प्रयास में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। श्रीशंकर ने 7.63 मीटर से शुरुआत की, फिर 7.75 मीटर की विजयी छलांग लगाई और 7.69 मीटर दर्ज किया। पोलैंड के पियोट्र टार्कोव्स्की ने भी 7.75 मीटर की छलांग लगाई, लेकिन टाई-ब्रेकर नियम के तहत श्रीशंकर विजयी रहे (उनकी दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग 7.69 मीटर थी, जबकि टार्कोव्स्की की 7.58 मीटर)। घुटने की सर्जरी के बाद लंबी चोट से वापसी के बाद यह 26 वर्षीय श्रीशंकर की दूसरी प्रतियोगिता थी, जिसके कारण उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर रहना पड़ा था। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट में 8.05 मीटर की जीत के साथ वापसी की थी।

#### श्रीहरि नटराज का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**बर्लिन।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को बर्लिन में चल रहे विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स में अपना रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 49.46 सेकंड का समय निकालकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन को बेहतर किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने 2008 में पुणे में राष्ट्रमंडल युवा खेलों में वीरधवल खाड़े द्वारा स्थापित 49.47 सेकंड के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने हीट नंबर 6 की रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। 24 वर्षीय इस तैराक ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में भी अपनी जगह बनाई, हीट में 25.59 सेकंड का समय निकाला। इस स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन (25.11 सेकंड) भी श्रीहरि के नाम है, जो उन्होंने 2021 में उज्बेकिस्तान ओपन चैंपियनशिप में हासिल किया था। शुक्रवार को, नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भी अपने ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन को दो बार बेहतर किया था।

#### राजस्थान क्रिकेट चयन समितियां गठित

**जयपुर.** राजस्थान क्रिकेट संघ (आसीए) की तदर्थ समिति ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान की टीम चुनने के लिये पुरुष वर्ग की सीनियर, जूनियर और महिला चयन समिति घोषित कर दी है। तदर्थ समिति के संयोजक डी डी कुमावत ने रविवार को बताया कि राजस्थान सीनियर चयन समिति (पुरुष) में राहुल कांवट, विलास जोशी, विजेंद्र यादव, सूर्यवीर सिंह, कुलदीप सिंह, शमशेर सिंह को चयन समिति का सदस्य चुना गया है। इसी प्रकार राजस्थान जूनियर चयन समिति (पुरुष) में नरेश गहलोत, लोकेश जैन, सिद्धार्थ जोशी, प्रणय शर्मा, सिद्धार्थ सर्राफ और अंकित लाम्बा को चुना गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान महिला चयन समिति में कोमल चौधरी, पूनम यादव, माया जाट, कृतिका कुशवाह और हर्षिता मकवाना को चयन समिति में शामिल किया गया है।

# भारत ने हांगकांग को 110-100 से हराया

## जूनियर बैडमिंटन में भारत ग्रुप डी में टॉप पर, रुजुला रामू और तन्वी शर्मा ने किया शानदार प्रदर्शन

**सोलो, (इंडोनेशिया), 20 जुलाई (वार्ता)** भारत ने रविवार को इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार जीत के क्रम को जारी रखते हुए ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में हांगकांग को 110-100 से हराकर ग्रुप तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।



भारत और हांगकांग चीन रविवार को आमने-सामने होने से पहले ही नॉक-आउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके थे, लेकिन जीत की लय बनाए रखना जरूरी था। आज यहां खेले गये मुकाबलों में रुजुला रामू ने एक बार फिर भारत को आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर विजयी शुरुआत दिलाई और भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की विश्व की छठे नंबर की जूनियर बालक युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त को 22-13 तक पहुँचा दिया। हांगकांग के लैम का टो ने 13 अंक बनाकर अपनी टीम को अंतर कम करने में मदद की, इसके बाद रौनक चौहान ने भारत के अंकों की संख्या 33 तक पहुँचाई। पाँच मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच केवल छह अंकों का अंतर 55-49 था, लेकिन जूनियर विश्व नंबर 1 तन्वी शर्मा ने दूसरे बालिका एकल में लियू होई किउ अन्ना पर दबदबा बनाते हुए 66-54 की बढ़त बनाकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिला दी। अगले चार मैच कांटे के रहे, लेकिन भारत ने बढ़त बनाए रखी और सुनिश्चित किया कि वे ग्रुप में शीर्ष पर रहें।

# लॉइस बोइसन ने हैम्बर्ग में जीता पहला टूर-स्तरीय खिताब

**चेन्नई 20 जुलाई. फ्रांस की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी लॉइस बोइसन ने रविवार को हैम्बर्ग ओपन के फाइनल में अन्ना बोंडार को सीधे सेटों में हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता।**

**फ्रेंच खिलाड़ी ने अन्ना बोंडार को सीधे सेटों में हराया**

विश्व नंबर 63 बोइसन ने हंगरी की विश्व नंबर 77 बोंडार को 7-5, 6-3 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। वह नवंबर 2022 में कैरोलिन गार्सिया के डब्ल्यूटीए फाइनल जीतने के बाद टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाली पहली फ्रांसीसी महिला बन गई हैं। 22 वर्षीय बोइसन ने प्रत्येक सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की। जर्मनी में डब्ल्यूटीए 250 इवेंट में यह जीत बोइसन के लिए इस सीज़न का एक और मील का पत्थर है। उन्होंने वाइल्डकार्ड के रूप में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर सभी को चौंका दिया था। रोलैंड गैरोस से पहले वह विश्व नंबर 361 थीं, लेकिन पेरिस में उस प्रदर्शन ने उन्हें तुरंत शीर्ष रैंकिंग वाली फ्रांसीसी महिला बना दिया। बोइसन सोमवार को डब्ल्यूटीए रैंकिंग में टॉप 50 में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं।

# जिम्बाब्वे ने रग्बी विश्व कप टिकट कटाया

## नामीबिया को 30-28 से हराकर रग्बी अफ्रीका कप खिताब जीता

**कंपाला, 20 जुलाई (वार्ता)** जिम्बाब्वे की राष्ट्रीय 15एस रग्बी टीम, सैबल्स ने रग्बी अफ्रीका कप के रोमांचक फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी नामीबिया को 30-28 से हराकर रग्बी विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**हिल्टन मुदारिकी की कप्तानी में टीम ने रचा इतिहास**



कंपाला के मंडेला नेशनल स्टेडियम में कप्तान हिल्टन मुदारिकी की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया।

कड़ी टक्कर वाले पहले हाफ 16-16 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन सैबल्स ने ब्रेक के बाद मजबूत वापसी की। गॉडफ्रे मुजानार्ग्वो और ब्रैंडन मुडजेकेन्येद्जी के प्रयासों और इयान प्रायर के त्रुटिहीन रूपांतरणों की बदौलत जिम्बाब्वे ने 30-16 की बढ़त बना ली।नामीबिया ने दो प्रयासों और एक रूपांतरण के साथ देर से वापसी की और अंतर को केवल दो अंकों तक सीमित कर दिया। अंतिम क्षणों में एक पेनल्टी चूकने के कारण अंततः उन्हें मैच हारना पड़ा। जिससे जिम्बाब्वे को रग्बी अफ्रीका कप ट्रॉफी और 1991 के बाद पहली बार विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला।मैच के बाद मुदारिकी ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि हम प्रतियोगिता की शुरुआत से ही केंद्रित रहे और 1991 के बाद विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। मैं सभी खिलाडि़यों और तकनीकी बेंच को उनके अच्छे काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

# इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क रेड बुल्स को रौंदा

**न्यू जर्सी 20 जुलाई. लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंटर मियामी ने न्यू जर्सी में मेजर लीग सॉकर के एक मुकाबले में न्यूयॉर्क रेड बुल्स को 5-1 से करारी शिकस्त दी। मेसी ने दो गोल दागे और दो असिस्ट भी किए, जिससे इंटर मियामी ने वापसी करते हुए बड़ी जीत हासिल की।**

**मेसी ने 60वें और 75वें मिनट में किए शानदार गोल**

**इंटर मियामी ने पिछली हार से उबरते हुए दर्ज की छठवीं जीत**



मैच में न्यूयॉर्क रेड बुल्स ने 15वें मिनट में एमिल फोर्सबर्ग के कॉर्नर किक पर अलेक्जेंडर हैक के गोल से 1-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इंटर मियामी ने जल्द ही वापसी की। 24वें मिनट में मेसी के क्रॉस पर जोर्डी अल्बा ने सीजन का अपना पहला रू्स गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद इंटर मियामी ने 27वें मिनट में लुइस सुआरेज़ के पास पर मेसी ने गेंद को अल्बा की ओर बढ़ाया, जिन्होंने इसे तेलास्को सेगोविया के लिए वापस क्रॉस किया, और सेगोविया ने आसानी से गोल दागकर इंटर मियामी को 2-1 की बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम से ठीक पहले, पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम के तीसरे मिनट में, सेगोविया ने एक और गोल कर इंटर मियामी को 3-1 की बढ़त के साथ हाफ-टाइम में भेजा। दूसरे हाफ में मेसी ने अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने 60वें और 75वें मिनट में दो और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस सीजन में मेसी के कुल गोलों की संख्या 18 हो गई है।

**कुश्ती** — मनीषा ने 62 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर शानदार वापसी की

# प्रिया मलिक ने 76 किग्रा फ्रीस्टाइल में जीता रजत

**बुडापेस्ट 20 जुलाई (वार्ता) दो बार की वर्ल्ड कैडेट्स चैंपियन प्रिया मलिक ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीता।**



हंगरी के बुडापेस्ट में शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया मलिक को ब्राजील की थामिरेस मार्टिन्स माचाडो के खिलाफ 4-3 के बेहद करीबी अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पहलवान ने टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में रियो 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कजाकिस्तान की एलमिरा सिजदिकोवा को 7-2 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में वैलेरिया ट्रिफोनोवा पर 11-1 की जबरदस्त जीत दर्ज की। हमवतन मनीषा ने 62 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। जहां कांस्य पदक मुकाबले में मनीषा ने क्रिस्टिना को 9-0 से पटखनी देकर जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में मनीषा को अमीना टंडेलोवा से 11-0 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपचेज राउंड के जरिए वापसी करते हुए फ्रांस की ओलंपियन अमेलिन डोआरे को 8-2 से हराया। नॉर्डिक सिस्टम के तहत 55 किग्रा वर्ग में खेल रहीं पुष्पा को अमेरिका की क्रिस्टेल नोएल रोड्रिगेज और कनाडा की वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कार्ला गोडिनेज से हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको-रोमन कुश्ती में करण कांबोज (87 किग्रा) क्वालिफिकेशन से, अंकित गुलिया (72 किग्रा) प्रीक्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

**भारत के पदकों की संख्या हुई आठ**

शनिवार को जीते गये पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता फीबा महिला एशिया कप

**शेनझेन 20 जुलाई.** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को जापान के देर से किए गए पलटवार से बचते हुए पहली बार फीबा महिला एशिया कप का खिताब जीत लिया। ओपल्स, जो 2017 में जापान से उपविजेता रहे थे, ने दक्षिणी चीन के शेनझेन स्पोर्ट्स सेंटर में 88-79 से जीत हासिल की। स्न्ड्ढक्क की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और हाफ टाइम तक 11 अंकों की बढ़त बना ली थी। हालांकि, छह बार की एशियाई चैंपियन जापान ने अंतिम क्वार्टर में जोरदार वापसी की।